Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-05-2006

Participants : Paswan Shri Ram Vilas

an>

Title : Statement regarding status of implementation of recommendations contained in the 6th Report of the Standing Committee on Coal and Steel.

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री रामविलास पासवान) : महोदय, मैं यह वक्तव्य कोयला एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति (14वीं लोक सभा) की छठी रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में दिनांक 01 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन-भाग-II के माध्यम से माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश-73 क के अनुपालन में सभा पटल पर रखता हूं :

उपर्युक्त छठी रिपोर्ट लोक सभा में 23 मार्च, 2005 को प्रस्तुत की गई थी। यह रिपोर्ट समिति की तीसरी रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में थी।

इस रिपोर्ट में समिति द्वारा कुल 14 सिफारिशें की गई हैं, जिन पर सरकार द्वारा कार्रवाई अपेक्षित है।

समिति की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों/अभ्युक्तियों पर की गई कार्रवाई का विवरण कोयला एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति को दिनांक 28 सितम्बर, 2005 को भेजा गया था।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति लोक सभा के पटल पर रखे गए मेरे वक्तव्य के अनुलग्नक में दर्शाई गई है। मैं इस अनुलग्नक में दी गई सम्पूर्ण विाय वस्तु को पढ़ने में सदन का मूल्यवान समय नहीं लेना चाहूंगा। अनुरोध है कि इसे पढ़ा हुआ समझा जाए।

*** Laid on the Table and also Placed in Library. See No. LT 4376/06**